राजस्थान में बनास नदी

चर्चा में क्यों?

राजस्थान के टोंक ज़िले में [बनास नदी](#) में डूबने से कई लोगों की मौत हो गई।

मुख्य बिंदु

- **बनास नदी के बारे में:**
- **स्थान और उत्पत्ति:**
  - **बनास नदी** भारत के उत्तर-पश्चिमी राज्य **राजस्थान** में स्थित है।
  - **इसका उद्गम** अरावली पहाड़ियों में कुंभलगढ़ के पास होता है।
- **प्रवाह और मार्ग:**
  - यह नदी उत्तर-पूर्व दिशा में मैदानों की ओर बहती है तथा अंततः **श्योपुर** के उत्तर में **चंबल नदी** में मिल जाती है।
  - इसकी कुल लंबाई लगभग **500 किमी (310 मील)** है।
- **मौसमी प्रकृति और उपयोग:**
  - बनास एक **मौसमी नदी** है, जो गर्मी के महीनों में प्रायः सूख जाती है।
  - इसके बावजूद, यह क्षेत्र में **सिंचाई का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत** है।
- **सहायक नदियाँ:**
  - बनास नदी की मुख्य सहायक नदियाँ **बेराच नदी और कोटारी नदी हैं।**
- **बाँध:**
  - **बिसलपुर बाँध** बनास नदी पर स्थित है। यह एक **गुरुत्व बाँध (gravity dam)** है, जिसे **सिंचाई तथा पेयजल आपूर्ति** के उद्देश्य से बनाया गया है।
  - गुरुत्व बाँध कंक्रीट या पत्थर व ईंटों से बना होता है और यह जल के दाब का सामना **अपने ही भार** से करता है। इसकी स्थिरता पूरी तरह **गुरुत्व बल** पर निर्भर करती है।

चंबल नदी



- **चंबल नदी विंध्य पर्वत** (इंदौर, मध्य प्रदेश) की उत्तरी ढलानों में सिंगार चौरी चोटी से निकलती है। वहाँ से यह मध्य प्रदेश में उत्तर दिशा में लगभग **346 किलोमीटर की लंबाई तक बहती है और फिर** राजस्थान से होकर **225 किलोमीटर** की लंबाई तक उत्तर-पूर्व दिशा में बहती है।
- यह नदी उत्तर प्रदेश में प्रवेश करती है और इटावा ज़िले में **यमुना नदी में मिलने से पहले लगभग 32 किमी.** तक बहती है।
- यह एक बरसाती नदी है और इसका बेसिन **विंध्य पर्वत श्रृंखलाओं** और **अरावली** से घिरा हुआ है। चंबल और इसकी सहायक नदियाँ उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र को जल से भरती हैं।
- राजस्थान में हाड़ौती **पठार मेवाड़ मैदान** के दक्षिण-पूर्व में चंबल नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में स्थित है।
- **सहायक नदियाँ:** बनास, काली सिंध, **शिप्रा (क्षिप्रा)**, **पारबती**, आदि।
- **मुख्य विद्युत परियोजनाएँ/बाँध: गांधी सागर बाँध, राणा प्रताप सागर बाँध,** जवाहर सागर बाँध और कोटा बैराज।
- **राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य** राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के त्रि-जंक्शन पर चंबल नदी के किनारे स्थित है।
- यह गंभीर रूप से लुप्तप्राय **घड़ियाल**, **रेड क्राउन रूफ्ड टर्टल** और लुप्तप्राय **गंगा नदी डॉल्फिन** के लिये जाना जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/banas-river-in-rajasthan